JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2022 / 08 / 376–प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः 26.08.2022

जयपुर मेट्रो में बूस्टर डोज वैक्सीनेशन (Covid-19) कैंप का सफल आयोजन।

जयपुर 26 अगस्त। जयपुर मेट्रो एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान् में मेट्रो के मानसरोवर डिपो में दिनांक 26 अगस्त 2022 को निःशुल्क बूस्टर डोज (Covid-19) वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया।

इस वैक्सीनेशन कैंप में डॉ. राघव गुप्ता के नेतृत्व में चिकित्सा दल द्वारा जयपुर मेट्रो के अधिकारियो, कर्मचारियो, आउटसोर्सिंग स्टॉफ व उनके परिजनो को **कोविशील्ड व को–वैक्सीन** की बूस्टर डोज की लगभग 250 डोज लगाई गई। इस शिविर में चिकित्सा दल द्वारा मरीजो को परामर्श देने के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने तथा दैनिक दिनचर्या में खान–पान के साथ–साथ नियमित व्यायाम की भी सलाह दी। मेट्रो प्रशासन एवं CMHO-2 मेडिकल टीम के आपसी सामंजस्य एवं भरपूर सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जयपुर मेट्रो श्री कुंजीलाल मीना ने बताया कि जयपुर मेट्रो की प्रथम पंक्ति यात्री सेवा हेतु कार्यरत कर्मचारियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा हेतु बूस्टर डोज वैक्सीनेशन लगवाई गई। आशा है कि इससे मेट्रो स्टॉफ में नवीन ऊर्जा का संचार होगा। साथ ही यात्रियों में विश्वास एवं यात्री संख्या में बढोतरी होगी।

श्री मीना ने वैक्सीनेशन कैंप के इस सफल आयोजन के लिए मेट्रो अधिकारियों व मेडिकल टीम के सदस्यों को बधाई दी।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो